भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3052

09 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

जनजातीय स्वास्थ्य देखभाल अनुसंधान कार्यक्रम

3052. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में जनजातीय स्वास्थ्य देखभाल अनुसंधान कार्यक्रम (टीएचसीआरपी) के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान टीएचसीआरपी के अंतर्गत दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में शामिल की गई जनजातीय आबादी और जनजातीय लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव से अब तक कुल कितनी स्थानीय स्वास्थ्य प्रथाओं और लोककथाओं के दावों का दस्तावेजीकरण किया गया है; और

(घ) इसका निपटान कब तक किए जाने की संभावना है?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): आयुष मंत्रालय केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) के 14 परिधीय संस्थानों के माध्यम से 14 राज्यों में जनजातीय उप-योजना (टीएसपी) के अंतर्गत जनजातीय स्वास्थ्य देखभाल अनुसंधान कार्यक्रम (टीएचसीआरपी) क्रियान्वित कर रहा है। हालाँकि, यह कार्यक्रम दादरा और नगर हवेली तथा दमण व दीव में कार्यान्वित नहीं किया गया है।

(ख) से (ग): उपरोक्त भाग (क) के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न नहीं उठता।

*****